फार्म नं.– III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी **मुकाम श्रीविजयनगर**

वंदना कंवर **बनाम** सरकार

अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम नम्बर 125 सन् 2025

जी.सी.एम.एस. आईडी :2025/201

तारीख हुक्म	**हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज**	**नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी किये गये**
07.08.2025	पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा 2025 शिविर ग्राम पंचायत 10 एएस में प्रार्थीया प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर राजस्व रिकार्ड चक 1 पीटीडी बी खाता सं. 50 में दर्ज प्रार्थीया के नाम मदन कंवर के स्थान पर वंदना कंवर दर्ज करने हेतु निवेदन करने पर तहसीलदार श्रीविजयनगर को प्रार्थना पत्र जांच हेतु प्रेषित किया गया। तहसीलदार श्रीविजयनगर के पत्रांक/13 दिनांक 09.07.2025 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर शुद्धि किये जाने की अनुशंषा प्रेषित की गयी है। प्रार्थना पत्र राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 136 के तहत दर्ज रजिस्टर किया जावे। प्रार्थना पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया। तहसीलदार श्रीविजयनगर की अनुशंषा, प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों, फर्द मौका राजस्व पटवारी तथा प्रशासक ग्राम पंचायत 8 एसटीबी के प्रमाण पत्र के आधार पर स्वीकार कर शुद्धि की जानी उचित प्रतीत होती है। प्रस्तुत दस्तावेजों एवं तहसीलदार श्रीविजयनगर की अनुशंषा के आधार पर दुरूस्ती किया जाना उचित है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर राजस्व रिकार्ड जमाबंदी चक 1 पीटीडी बी के खाता सं. 50 में दर्ज काश्तकार का नाम मदन कंवर पुत्री जगदीश सिंह को दुरूस्त कर के स्थान पर वंदना कंवर पुत्री जगदीश सिंह अंकित किये जाने के आदेश दिए जाते है। शेष अंकन यथावत रहेगा। निर्णय की प्रति उप तहसीलदार जैतसर को पालनार्थ प्रेषित की जावे। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैंसले में शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। Signature Not Verified Digitally signed by Shakuntala Date: 2025.08.20 11:17:10 IST Reason: SelfAttested शकुन्तला उपखण्ड अधिकारी श्रीविजयनगर	